# बैठक का प्रस्ताव

2.24

आज दि. 3.2.2013 को ग्राम सिरसा प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान श्रीमती चम्पादेवी की अध्यक्षता में "बरेली अल्मोड़ा मोटर मार्ग से सिरसा मोटर मार्ग के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित की गई। इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु पूर्व मे सर्वेक्षण किया जा चुका है जिसमें मार्ग ग्रामीणों के नाप खेतों से होकर बनाया जाना प्रस्तावित है जिसमें ग्रामीणों को आपत्ति है। अतः सर्व-सम्मति से निर्णय लिया गया कि मार्ग का समरेखन पूरी तरह बेनाप भूमि में तय किया जाय विभागीय कार्मिक श्री ललित सिंह अधिकारी एवं दीप चन्द्र जोशी द्वारा इस पर बताया गया कि समरेखन को पूर्णत: बेनाप भूमि पर रखने से मार्ग को ग्राम के पंचायत भवन तक नहीं बनाया जा सकता है एवं मार्ग के अन्तिम बिन्दु से पंचायत घर लगभग 200 मी. दूर रहेगा - जिस पर समस्त ग्राम वासी सहमत थे। अतः तय किया गया कि पूर्व में की गई सर्वे को निरस्त करते हुवे पुनः सर्वे किया जाय अतः विभाग द्वारा तय किया गया कि प्रारम्भिक सर्वेक्षण के उपरान्त मार्ग पर ट्रांजिट वाक किया जायेगा जिस पर समस्त ग्राम वासी सहमत थे।

ग्रा. प्रधान
सिरसा
चम्पादेवी
प्रधान
ग्राम पंचायत सिरसा
वि० ख० रामगढ़ नैनीताल

(signature)
[stamp]

(signature)
सहायक अभियन्ता प्रथम
पी एम जी एस वाई खण्ड, लो.नि.वि.
काठगोदाम (नैनीताल)